भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3161 का उत्तर

# फिरोजपुर-पट्टी नई रेललाइन

3161. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पंजाब में फिरोजपुर-पट्टी नई लाइन और अलल-हिमताना कॉर्ड लाइन सहित प्रमुख रेल परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण और संबंधित मुद्दों के कारण हो रही देरी पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पंजाब में वर्तमान में अनुमानित निवेश सहित विलंबित/रुकी हुई रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और दोराहा आरओबी और सीमावर्ती क्षेत्र संपर्क परियोजनाओं जैसे प्राथमिकता वाले कार्यों को पूरा करने की संशोधित समय-सीमा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा पंजाब में नई सेमी-हाई-स्पीड सेवाओं का आरंभ करना और अमृतसर और लुधियाना जैसे प्रमुख शहरों में रेल ठहराव की संख्या बढ़ाने सहित रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) फिरोजपुर-पट्टी नई लाइन (26 कि.मी.) अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट एक महत्वपूर्ण परियोजना है जो पंजाब में स्थित है। इस परियोजना को वर्ष 2017-18 में 300 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृत किया गया था। इस परियोजना के लिए भूमि पंजाब राज्य सरकार द्वारा निशुल्कः सौंपी जानी थी। बहरहाल, राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण को पूरा नहीं किया जा सका। रणनीतिक कारणों से इस परियोजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भूमि अधिग्रहण सहित केंद्रीय सरकार लागत पर इस नई रेल लाइन परियोजना को शुरू करने का विनिश्चय किया गया है। फिरोजपुर और तरन तारन जिलों में कुल 166 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। भूमि अधिग्रहण अग्रिम चरण पर है और अधिनिर्णय की घोषणा की गई है।

अलाल-हिम्मताना कॉर्ड लाइन (12 कि.मी.) का कार्य 174 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृत किया गया है। इस परियोजना के निष्पादन के लिए कुल 20.06 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। इस परियोजना को “विशेष रेल परियोजना” के रूप में घोषित किया गया है और भूमि अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। भूमि अधिग्रहण शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण सक्षम प्राधिकारी को भी नामित कर दिया गया है।

पंजाब

पंजाब राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए किया गया बजट आवंटन निम्नानुसार है:

| अवधि | परिव्यय |
|---|---|
| 2009-14 | 225 करोड़ रुपए/वर्ष |
| 2025-26 | 5,421 करोड़ रुपए (24 गुना से अधिक) |

01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, पंजाब राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली 21,926 करोड़ रुपए की लागत पर कुल 714 कि.मी. लंबाई की 09 परियोजनाएँ (04 नई लाइन और 05 दोहरीकरण) योजना/स्वीकृति/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं, जिनमें से 115 कि.मी. की लंबाई को कमीशन किया जा चुका है और मार्च, 2025 तक 8,079 करोड़ रुपए का व्यय उपगत किया गया है। सार निम्नानुसार है:-

| कोटि | परियोजनाओं की संख्या | कुल लंबाई | कमीशन की गई लंबाई | मार्च, 2025 तक व्यय (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|---|---|
| नई लाइन | 04 | 252 कि.मी. | 64 कि.मी. | 7,359 |
| दोहरीकरण/बहुपथन | 05 | 462 कि.मी. | 51 कि.मी. | 720 |
| कुल | 09 | 714 कि.मी. | 115 कि.मी. | 8,079 |

पंजाब राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली हाल ही में पूरी की गईं कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | परियोजना | लागत (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | चक्की बैंक-भरौली दोहरीकरण (3 कि.मी.) | 15 |
| 2 | जाखल-मानसा दोहरीकरण (45 कि.मी.) | 163 |
| 3 | मीरथल-भंगाला ब्यास नदी दोहरीकरण (2.5 कि.मी.) | 74 |
| 4 | अंबाला-धप्पर-चंडीगढ़ दोहरीकरण (45 कि.मी.) | 339 |
| 5 | मानसा - बठिंडा दोहरीकरण (49 कि.मी.) | 216 |
| 6 | अमृतसर-छहरटा दोहरीकरण (7 कि.मी.) | 31 |
| 7 | जालंधर-पठानकोट-जम्मू तवी दोहरीकरण (209 कि.मी.) | 850 |
| 8 | रावी नदी पर पुल सहित कठुआ-माधोपुर पंजाब का दोहरीकरण (2.5 कि.मी.) | 257 |
| 9 | राजपुरा-बठिंडा दोहरीकरण (173 कि.मी.) | 2459 |

पंजाब राज्य में पूर्णत:/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जिन्हें निम्नानुसार शुरू किया गया है:

| क्र. सं. | परियोजना | लागत (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 1. | नंगल डैम-तलवाड़ा-मुकेरियां नई लाइन (143 कि.मी.) | 2018 |
| 2. | भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी नई लाइन (63 कि.मी.) | 6753 |
| 3. | कादियां-ब्यास नई लाइन (40 कि.मी.) | 842 |
| 4. | फिरोजपुर-पट्टी नई लाइन (26 कि.मी.) | 300 |
| 5. | तलवंडी साबो के रास्ते रामा मंडी (रमन) - मौर मंडी (मौर) (29 कि.मी.) नई लाइन | 154 |
| 6. | लुधियाना-किला रायपुर दोहरीकरण (19 कि.मी.) | 238 |
| 7. | लुधियाना-मुल्लनपुर दोहरीकरण (21 कि.मी.) | 235 |
| 8. | राजपुरा-मोहाली नई लाइन (18 कि.मी.) | 443 |
| 9. | राजपुरा बाईपास लाइन (14 कि.मी.) | 412 |

भारत सरकार परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तैयार है, हालांकि इसकी सफलता पंजाब सरकार के सहयोग पर निर्भर करती है। उदाहरण के लिए, कुछ प्रमुख परियोजनाएं जो भूमि अधिग्रहण के कारण विलंबित हैं, का ब्यौरा निम्नानुसार है: -

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | कुल अपेक्षित भूमि (हेक्टेयर में) | अधिगृहीत भूमि (हेक्टेयर में) | अधिगृहीत की जाने वाली शेष भूमि (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फिरोजपुर-पट्टी नई लाइन | 166 | 0 | 166 |
| 2. | अलाल-हिम्मताना कॉर्ड लाइन | 20 | 0 | 20 |
| 3. | कादियां-ब्यास नई लाइन | 151 | 0 | 151 |
| 4. | रामा मंडी (रमन) - तलवंडी साबो नई लाइन | 85 | 0 | 85 |

कादियां-ब्यास (39.6 कि.मी.) नई रेल लाइन परियोजना को 2011-12 में स्वीकृत किया गया था। बहरहाल, कानून एवं व्यवस्था मुद्दों के कारण परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका। परियोजना को रोक दिया गया था। बहरहाल, इस परियोजना की आवश्यकता को देखते हुए, कार्य पुनः शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

राजपुरा-मोहाली नई लाइन परियोजना (18 कि.मी.) को हाल ही में 443 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृत किया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस परियोजना को विशेष रेल परियोजना घोषित किया जा चुका है। नवंबर, 2025 में भूमि अधिग्रहण सक्षम प्राधिकारी को भी नामित किया गया है। यह परियोजना अंबाला से न गुजरते हुए, सरहिंद-गोबिंदगढ़ और राजपुरा क्षेत्र के बीच दक्षिण पंजाब (बठिंडा क्षेत्र) को सीधा चंडीगढ़ से जोड़ेगी।

पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2022-23, 2023-24, 2024-25 और चालू वित्त वर्ष 2025-26 में, पंजाब में अंशतः/पूर्णतः पड़ने वाली 2,162 कि.मी. की कुल लंबाई वाले 24 सर्वेक्षण (09 नई लाइन, 14 दोहरीकरण और 01 आमान परिवर्तन) शुरू किए गए हैं।

ऊपरी/निचले सड़क पुल

भारतीय रेल में समपारों के स्थान पर ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण के प्रस्तावों की स्वीकृति एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे कार्यों की प्राथमिकता निर्धारण और उन्हें शुरू करने का कार्य रेल परिचालन में संरक्षा, गाड़ियों की गतिशीलता तथा सड़क उपयोगकर्ताओं पर इसके प्रभाव और व्यवहार्यता के आधार पर किया जाता है।

भारतीय रेल पर 2004-14 की तुलना में 2014-26 (जनवरी 2026 तक) की अवधि के दौरान निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुलों की संख्या निम्नानुसार है:-

| अवधि | निर्मित ऊपरी/निचले सड़क पुल |
|---|---|
| 2004-14 | 4,148 अदद |
| 2014-26 (जनवरी, 2026 तक) | 14,024 अदद (पंजाब राज्य में 434 अदद सहित) |

01.02.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल में 1,14,196 करोड़ रु. की लागत से 4,802 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें पंजाब राज्य में 1,848 करोड़ रुपए की लागत पर 120 अदद ऊपरी/निचले सड़क पुल शामिल हैं, जो नियोजन और निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं।

किलोमीटर 353/990 पर समपार सं. 164 ए-बी के स्थान पर ऊपरी सड़क पुल का कार्य मूल रूप से 2013 में पंजाब सरकार के साथ लागत में भागीदारी के आधार पर स्वीकृत किया गया था। राज्य सरकार द्वारा कार्य का निष्पादन किया जाना था। बहरहाल, राज्य सरकार की कार्य के निष्पादन में अक्षमता के कारण, कार्य को 2021 में रोक दिया गया था।

जनता की मांग को देखते हुए, इस कार्य को फरवरी, 2024 में रेलवे की लागत पर पुनः स्वीकृत किया गया था। इस कार्य के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख को अनुमोदित किया गया है और रेलवे द्वारा ठेका सौंप दिया गया है। निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है।

ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल कार्यों का पूरा होना पहुँच संरेखण को अंतिम रूप देने, सामान्य व्यवस्था आरेख (जीएडी) की स्वीकृति, भूमि अधिग्रहण, अतिक्रमण हटाना, बाधक जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां, परियोजना/कार्य स्थल क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण परियोजना/कार्य स्थलों के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। ये सभी कारक परियोजनाओं/कार्यों के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

रेलवे ने ऊपरी/निचले सड़क पुलों के निर्माण-कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए हैं:

(i) सुचारू निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए सामान्य व्यवस्था आरेख को अंतिम रूप देने से पहले संबंधित राज्य सरकार/सड़क स्वामित्व प्राधिकरण के साथ संयुक्त सर्वेक्षण किया जाता है।

(ii) ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल कार्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए रेलवे और राज्य सरकार के अधिकारियों की आवधिक बैठकें आयोजित की जाती हैं।

(iii) डिजाइन अनुमोदन के दौरान देरी से बचने के लिए रेलवे के हिस्से पर सड़क के स्पैन, तिरछापन और चौड़ाई के विभिन्न संयोजनों के लिए अधिरचना रेखाचित्रों का मानकीकरण किया गया है। इसे एक सार-संग्रह के रूप में जारी किया गया है, जिसे शीघ्र नियोजन के लिए रेल लाइनों पर ऊपरी सड़क पुल के लिए सीधे अपनाया जा सकता है।

(iv) रेलवे द्वारा ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल कार्यों को जहाँ-कहीं संभव होता है एकल इकाई के आधार पर निष्पादित करने की योजना बनाई जाती है। यदि कोई सड़क स्वामित्व प्राधिकरण/राज्य सरकार चाहे, तो रेलवे उन्हें एकल इकाई के आधार पर कार्य निष्पादित करने की अनुमति दे सकता है।

रेल परियोजनाओं के त्वरित अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे विभिन्न कदमों में (i) गति शक्ति इकाइयों की स्थापना (ii) परियोजनाओं की प्राथमिकता (iii) प्राथमिक परियोजनाओं के लिए निधि आबंटन में पर्याप्त वृद्धि करना (iv) फील्ड स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन (v) विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की गहन निगरानी और शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्यजीव संबंधी मंजूरियों और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों को सुलझाने के लिए राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकारियों के साथ नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करना शामिल है। जिसके परिणामस्वरूप 2014 से कमीशनिंग की दर में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

किसी भी रेल परियोजना की मंजूरी कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- अनुमानित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता
- परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता
- अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना
- संकुलित/संतृप्त लाइनों का विस्तार
- राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें
- रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ
- सामाजिक-आर्थिक महत्व
- निधियों की समग्र उपलब्धता

रेल परियोजनाओं का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जो निम्नानुसार हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियां
- क्षेत्र की भू-वैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियां
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए एक वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

वर्तमान में, अमृतसर स्टेशन से गुजरने वाली सभी गाड़ियों का वहां पर नियत ठहराव है। ढंडारी कलां स्टेशन लुधियाना से 07 कि.मी. की दूरी पर स्थित है और लुधियाना से गुजरने वाली सभी गाड़ियों का नियत ठहराव या तो लुधियाना स्टेशन पर या ढंडारी कलां स्टेशन पर होता है।

लुधियाना स्टेशन को सेवित करने वाली गाड़ियां निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 11057 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 2 | 11058 अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 3 | 11077 पुणे जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 4 | 11078 जम्मू तवी-पुणे जंक्शन एक्सप्रेस |
| 5 | 11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 6 | 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस |
| 7 | 11905 आगरा कैंट जंक्शन-होशियारपुर एक्सप्रेस |
| 8 | 11906 होशियारपुर-आगरा कैंट जंक्शन एक्सप्रेस |
| 9 | 12013 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 10 | 12014 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 11 | 12029 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 12 | 12030 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 13 | 12031 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 14 | 12032 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 15 | 12053 हरिद्वार-अमृतसर जन शताब्दी एक्सप्रेस |
| 16 | 12203 सहरसा जंक्शन-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस |
| 17 | 12207 काठगोदाम-जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस |
| 18 | 12208 जम्मू तवी-काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस |
| 19 | 12237 वाराणसी-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 20 | 12238 जम्मू तवी-वाराणसी एक्सप्रेस |
| 21 | 12265 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जम्मू तवी दुरंतो एक्सप्रेस |
| 22 | 12266 जम्मू तवी-दिल्ली सराय रोहिल्ला दुरंतो एक्सप्रेस |
| 23 | 12317 कोलकाता अमृतसर एक्सप्रेस |
| 24 | 12318 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस |
| 25 | 12331 हावड़ा जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 26 | 12332 जम्मू तवी-हावड़ा जंक्शन एक्सप्रेस |
| 27 | 12355 पटना जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 28 | 12356 जम्मू तवी-पटना जंक्शन एक्सप्रेस |
| 29 | 12357 कोलकाता अमृतसर एक्सप्रेस |
| 30 | 12358 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस |
| 31 | 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 32 | 12380 अमृतसर-सियालदाह एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 33 | 12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 34 | 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस |
| 35 | 12411 चंडीगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 36 | 12412 अमृतसर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 37 | 12413 अजमेर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 38 | 12414 जम्मू तवी-अजमेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 39 | 12421 हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 40 | 12422 अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस |
| 41 | 12425 नई दिल्ली-जम्मू तवी राजधानी एक्सप्रेस |
| 42 | 12426 जम्मू तवी-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस |
| 43 | 12445 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 44 | 12446 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 45 | 12469 कानपुर सेंट्रल-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 46 | 12470 जम्मू तवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस |
| 47 | 12471 बांद्रा टर्मिनस-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 48 | 12472 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस |
| 49 | 12473 गांधीधाम बीजी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 50 | 12474 श्री माता वैष्णो देवी कटरा- गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस |
| 51 | 12475 हापा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 52 | 12476 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-हापा एक्सप्रेस |
| 53 | 12477 जामनगर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 54 | 12478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जामनगर एक्सप्रेस |
| 55 | 12483 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 56 | 12484 अमृतसर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस |
| 57 | 12497 नई दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 58 | 12549 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस |
| 59 | 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन-दुर्ग एक्सप्रेस |
| 60 | 12587 गोरखपुर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 61 | 12588 जम्मू तवी-गोरखपुर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 62 | 12715 हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 63 | 12716 अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस |
| 64 | 12751 हजूर साहिब नांदेड़-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 65 | 12752 जम्मू तवी-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस |
| 66 | 12903 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 67 | 12904 अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस |
| 68 | 12919 डॉ. अम्बेडकर नगर - श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 69 | 12920 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस |
| 70 | 12925 बांद्रा टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 71 | 12926 अमृतसर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस |
| 72 | 13005 हावड़ा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 73 | 13006 अमृतसर-हावड़ा जंक्शन एक्सप्रेस |
| 74 | 13151 कोलकाता -जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 75 | 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस |
| 76 | 13307 धनबाद जंक्शन - फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस |
| 77 | 13308 फिरोजपुर कैंट-धनबाद जंक्शन एक्सप्रेस |
| 78 | 14035 दिल्ली सराय रोहिल्ला-पठानकोट एक्सप्रेस |
| 79 | 14036 पठानकोट-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस |
| 80 | 14503 कालका-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 81 | 14504 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कालका एक्सप्रेस |
| 82 | 14505 अमृतसर-नांगल डैम एक्सप्रेस |
| 83 | 14506 नांगल डैम-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 84 | 14541 चंडीगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 85 | 14542 अमृतसर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 86 | 14603 नरपतगंज-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 87 | 14605 योग नगरी ऋषिकेश-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 88 | 14606 जम्मू तवी-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस |
| 89 | 14609 योग नगरी ऋषिकेश-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 90 | 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-योग नगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस |
| 91 | 14611 गाजीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 92 | 14612 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 93 | 14613 साहिबजादा अजीत सिंह नगर-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस |
| 94 | 14614 फिरोजपुर कैंट-साहिबजादा अजीत सिंह नगर एक्सप्रेस |
| 95 | 14615 लालकुआं जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 96 | 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 97 | 14629 चंडीगढ़-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस |
| 98 | 14630 फिरोजपुर कैंट-चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 99 | 14631 देहरादून-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 100 | 14632 अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस |
| 101 | 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 102 | 14653 हिसार-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 103 | 14654 अमृतसर-हिसार एक्सप्रेस |
| 104 | 14661 बाड़मेर-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 105 | 14662 जम्मू तवी-बाड़मेर एक्सप्रेस |
| 106 | 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 107 | 14679 दिल्ली जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 108 | 14681 दिल्ली जंक्शन-जालंधर सिटी एक्सप्रेस |
| 109 | 14682 जालंधर सिटी-दिल्ली जंक्शन एक्सप्रेस |
| 110 | 14691 बरौनी जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 111 | 14692 जम्मू तवी-बरौनी जंक्शन एक्सप्रेस |
| 112 | 14719 बीकानेर जंक्शन अमृतसर एक्सप्रेस |
| 113 | 14720 अमृतसर-बीकानेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 114 | 15015 अमृतसर-लालकुआं जंक्शन एक्सप्रेस |
| 115 | 15016 लालकुआं जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 116 | 15097 भागलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 117 | 15098 जम्मू तवी-भागलपुर एक्सप्रेस |
| 118 | 15211 दरभंगा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 119 | 15531 सहरसा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 120 | 15651 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 121 | 15652 जम्मू तवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस |
| 122 | 15653 गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 123 | 15654 जम्मू तवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस |
| 124 | 15655 कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 125 | 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - कामाख्या एक्सप्रेस |
| 126 | 15707 कटिहार जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 127 | 15708 अमृतसर-कटिहार जंक्शन एक्सप्रेस |
| 128 | 15933 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 129 | 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस |
| 130 | 16031 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 131 | 16032 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-एमजीआर चेन्नै सेंट्रल एक्सप्रेस |
| 132 | 16317 कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 133 | 16318 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस |
| 134 | 16787 तिरुनेलवेली जंक्शन - श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 135 | 16788 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - तिरुनेलवेली जंक्शन एक्सप्रेस |
| 136 | 18101 टाटानगर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 137 | 18102 जम्मू तवी-टाटानगर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 138 | 18103 टाटानगर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 139 | 18104 अमृतसर-टाटानगर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 140 | 18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 141 | 18238 अमृतसर-बिलासपुर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 142 | 18309 संबलपुर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 143 | 18310 जम्मू तवी-संबलपुर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 144 | 19027 बांद्रा (टी)-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 145 | 19028 जम्मू तवी-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस |
| 146 | 19325 इंदौर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 147 | 19611 अजमेर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 148 | 19612 अमृतसर-अजमेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 149 | 19613 अजमेर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 150 | 19614 अमृतसर-अजमेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 151 | 19803 कोटा जंक्शन - श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 152 | 19804 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कोटा जंक्शन एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 153 | 20433 सुबेदारगंज-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 154 | 20434 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-सुबेदारगंज एक्सप्रेस |
| 155 | 20807 विशाखापत्तनम-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 156 | 20808 अमृतसर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस |
| 157 | 20847 दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस |
| 158 | 20848 एमसीटीएम उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस |
| 159 | 20985 कोटा जंक्शन-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस |
| 160 | 20986 एमसीटीएम उधमपुर-कोटा जंक्शन एक्सप्रेस |
| 161 | 22125 नागपुर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 162 | 22126 अमृतसर-नागपुर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 163 | 22317 सियालदह-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 164 | 22318 जम्मू तवी-सियालदाह एक्सप्रेस |
| 165 | 22401 दिल्ली सराय रोहिल्ला-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस |
| 166 | 22402 एमसीटीएम उधमपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस |
| 167 | 22423 गोरखपुर जंक्शन अमृतसर एक्सप्रेस |
| 168 | 22429 दिल्ली जंक्शन-पठानकोट एक्सप्रेस |
| 169 | 22430 पठानकोट-दिल्ली जंक्शन एक्सप्रेस |
| 170 | 22431 सुबेदारगंज-एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस |
| 171 | 22432 एमसीटीएम उधमपुर-सुबेदारगंज एक्सप्रेस |
| 172 | 22439 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 173 | 22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 174 | 22445 कानपुर सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 175 | 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस |
| 176 | 22461 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |
| 177 | 22462 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 178 | 22477 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 179 | 22478 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 180 | 22479 नई दिल्ली-लोहियां खास जंक्शन एक्सप्रेस |
| 181 | 22480 लोहियां खास जंक्शन-नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 182 | 22485 नई दिल्ली-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 183 | 22486 फिरोजपुर कैंट-नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 184 | 22487 दिल्ली जंक्शन-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 185 | 22488 अमृतसर-दिल्ली जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 186 | 22551 दरभंगा जंक्शन-जालंधर सिटी एक्सप्रेस |
| 187 | 22705 तिरुपति-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 188 | 22706 जम्मू तवी-तिरुपति एक्सप्रेस |
| 189 | 22941 इंदौर जंक्शन - एमसीटीएम उधमपुर एक्सप्रेस |
| 190 | 22942 एमसीटीएम उधमपुर-इंदौर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 191 | 54051 लुधियाना जंक्शन-फिरोजपुर कैंट पैसेंजर |
| 192 | 54052 फिरोजपुर कैंट-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 193 | 54053 जाखल जंक्शन-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 194 | 54054 लुधियाना जंक्शन-जाखल जंक्शन पैसेंजर |
| 195 | 54571 लुधियाना जंक्शन-फिरोजपुर कैंट पैसेंजर |
| 196 | 54572 फिरोजपुर कैंट-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 197 | 54575 लुधियाना जंक्शन-लोहियां खास जंक्शन पैसेंजर |
| 198 | 54576 लोहियां खास जंक्शन-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 199 | 54603 हिसार-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 200 | 54604 लुधियाना जंक्शन-चुरू पैसेंजर |
| 201 | 54605 चूरू-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 202 | 54606 लुधियाना जंक्शन - हिसार पैसेंजर |
| 203 | 54633 सिरसा-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 204 | 54634 लुधियाना जंक्शन-भिवानी जंक्शन पैसेंजर |
| 205 | 54635 हिसार-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 206 | 54636 लुधियाना जंक्शन-हिसार पैसेंजर |
| 207 | 54645 लुधियाना जंक्शन - फिरोजपुर कैंट पैसेंजर |
| 208 | 54646 फिरोजपुर कैंट-लुधियाना जंक्शन पैसेंजर |
| 209 | 64521 अम्बाला कैंट-लुधियाना जंक्शन मेमू |
| 210 | 64522 लुधियाना जंक्शन-अंबाला कैंट मेमू |
| 211 | 64523 अम्बाला कैंट-लुधियाना जंक्शन मेमू |
| 212 | 64524 लुधियाना जंक्शन-अंबाला कैंट मेमू |

| | |
|---|---|
| 213 | 64551 लुधियाना जंक्शन-छेहराता मेमू |
| 214 | 64552 छेहराता-लुधियाना जंक्शन मेमू |
| 215 | 74645 अम्बाला कैंट-जालंधर सिटी डेमू |
| 216 | 74646 जालंधर सिटी-अंबाला कैंट डेमू |
| 217 | 74961 लुधियाना जंक्शन-फिरोजपुर कैंट डेमू |
| 218 | 74962 फिरोजपुर कैंट-लुधियाना जंक्शन डेमू |
| 219 | 74963 लुधियाना जंक्शन-फिरोजपुर कैंट डेमू |
| 220 | 74964 फिरोजपुर कैंट-लुधियाना जंक्शन डेमू |
| 221 | 74965 लुधियाना जंक्शन - लोहियां खास जंक्शन डेमू |
| 222 | 74966 लोहियां खास जंक्शन-लुधियाना जंक्शन डेमू |
| 223 | 74967 लुधियाना जंक्शन-लोहियां खास जंक्शन डेमू |
| 224 | 74970 लोहियां खास जंक्शन-लुधियाना जंक्शन डेमू |

अमृतसर स्टेशन को सेवित करने वाली गाड़ियां निम्नानुसार हैं:

| क्र.सं. | गाड़ी सं. और नाम |
|---|---|
| 1 | 14803 भगत की कोठी-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 2 | 19326 अमृतसर-इंदौर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 3 | 15211 दरभंगा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 4 | 15016 लालकुआं जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 5 | 14603 नरपतगंज-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 6 | 14627 सहरसा जंक्शन-छेहराता अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 12204 अमृतसर-सहारसा जंक्शन गरीब रथ एक्सप्रेस |
| 8 | 22126 अमृतसर-नागपुर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 9 | 74651 अमृतसर-डेराबाबा नानक डेमू |
| 10 | 54611 अमृतसर-पठानकोट पैसेंजर |
| 11 | 74682 अमृतसर-खेम करण डेमू |

| | |
|---|---|
| 12 | 12014 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 13 | 14542 अमृतसर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 14 | 12716 अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस |
| 15 | 12358 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस |
| 16 | 14616 अमृतसर-लालकुआं जंक्शन एक्सप्रेस |
| 17 | 12318 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस |
| 18 | 15015 अमृतसर-लालकुआं जंक्शन एक्सप्रेस |
| 19 | 12484 अमृतसर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस |
| 20 | 14680 अमृतसर-दिल्ली जंक्शन एक्सप्रेस |
| 21 | 18103 टाटानगर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 22 | 54613 अमृतसर-पठानकोट पैसेंजर |
| 23 | 22423 गोरखपुर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 24 | 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस |
| 25 | 12054 अमृतसर-हरिद्वार जन शताब्दी एक्सप्रेस |
| 26 | 18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 27 | 14719 बीकानेर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 28 | 74672 पठानकोट-अमृतसर डेमू |
| 29 | 12926 अमृतसर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस |
| 30 | 74661 अमृतसर-अटारी डेमू |
| 31 | 14653 हिसार-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 32 | 15708 अमृतसर-कटिहार जंक्शन एक्सप्रेस |
| 33 | 14720 अमृतसर-बीकानेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 34 | 54612 पठानकोट-अमृतसर पैसेंजर |

| | |
|---|---|
| 35 | 14631 देहरादून-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 36 | 22488 अमृतसर-दिल्ली जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 37 | 18309 संबलपुर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 38 | 18101 टाटानगर जंक्शन-जम्मू तवी एक्सप्रेस |
| 39 | 13005 हावड़ा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 40 | 11058 अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज (टी) एक्सप्रेस |
| 41 | 74681 खेम करण-अमृतसर डेमू |
| 42 | 74662 अटारी-अमृतसर डेमू |
| 43 | 74684 अमृतसर-खेम करण डेमू |
| 44 | 14633 अमृतसर-पठानकोट एक्सप्रेस |
| 45 | 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस |
| 46 | 22430 पठानकोट-दिल्ली जंक्शन एक्सप्रेस |
| 47 | 22445 कानपुर सेंट्रल-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 48 | 19613 अजमेर जंक्शन अमृतसर एक्सप्रेस |
| 49 | 74641 जालंधर सिटी-अमृतसर डेमू |
| 50 | 12411 चंडीगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 51 | 54614 पठानकोट-अमृतसर पैसेंजर |
| 52 | 64551 लुधियाना जंक्शन-छेहराता मेमू |
| 53 | 26406 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 54 | 15707 कटिहार जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 55 | 18104 अमृतसर-टाटानगर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 56 | 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस |
| 57 | 22424 अमृतसर-गोरखपुर जंक्शन एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 58 | 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस |
| 59 | 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस |
| 60 | 14506 नांगल डैम-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 61 | 74671 अमृतसर-पठानकोट डेमू |
| 62 | 19612 अमृतसर-अजमेर जंक्शन एक्सप्रेस |
| 63 | 12380 अमृतसर-सियालदाह एक्सप्रेस |
| 64 | 14604 अमृतसर-नरपतगंज एक्सप्रेस |
| 65 | 12031 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 66 | 12029 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 67 | 74691 अमृतसर-कौडियान डेमू |
| 68 | 64552 छेहराता-लुधियाना जंक्शन मेमू |
| 69 | 15135 छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 70 | 15531 सहरसा जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 71 | 12483 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 72 | 14505 अमृतसर-नांगल डैम एक्सप्रेस |
| 73 | 74654 डेराबाबा नानक-अमृतसर डेमू |
| 74 | 74655 अमृतसर-डेराबाबा नानक डेमू |
| 75 | 12497 नई दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 76 | 12422 अमृतसर-हजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस |
| 77 | 19611 अजमेर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 78 | 14615 लालकुआं जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 79 | 12498 अमृतसर-नई दिल्ली एक्सप्रेस |
| 80 | 14804 जम्मू तवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 81 | 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस |
| 82 | 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 83 | 22429 दिल्ली जंक्शन-पठानकोट एक्सप्रेस |
| 84 | 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस |
| 85 | 11057 छत्रपति शिवाजी महाराज (टी)-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 86 | 26405 अमृतसर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 87 | 14634 पठानकोट-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 88 | 12032 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 89 | 12030 अमृतसर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस |
| 90 | 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 91 | 12412 अमृतसर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस |
| 92 | 12317 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 93 | 12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 94 | 54615 अमृतसर-पठानकोट पैसेंजर |
| 95 | 12407 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 96 | 19614 अमृतसर-अजमेर एक्सप्रेस |
| 97 | 15136 अमृतसर-छपरा एक्सप्रेस |
| 98 | 19416 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-साबरमती एक्सप्रेस |
| 99 | 15532 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस |
| 100 | 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 101 | 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 102 | 74692 कादियां-अमृतसर डेमू |
| 103 | 14654 अमृतसर-हिसार एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 104 | 74663 अमृतसर-अटारी डेमू |
| 105 | 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस |
| 106 | 12421 हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 107 | 12904 अमृतसर-बांद्रा (टी) एक्सप्रेस |
| 108 | 22125 नागपुर-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 109 | 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस |
| 110 | 18310 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस |
| 111 | 18102 जम्मू तवी-टाटानगर एक्सप्रेस |
| 112 | 74664 अटारी-अमृतसर डेमू |
| 113 | 12925 बांद्रा (टी)-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 114 | 54616 पठानकोट-अमृतसर पैसेंजर |
| 115 | 74675 अमृतसर-पठानकोट डेमू |
| 116 | 22487 दिल्ली जंक्शन-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 117 | 15933 न्यू तिनसुकिया-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 118 | 74658 डेराबाबा नानक-अमृतसर डेमू |
| 119 | 14541 चंडीगढ़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 120 | 14632 अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस |
| 121 | 74676 पठानकोट-अमृतसर डेमू |
| 122 | 12715 हजूर साहिब नांदेड़-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 123 | 74644 अमृतसर-जलंधर सिटी डेमू |
| 124 | 19325 इंदौर जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 125 | 12203 सहरसा जंक्शन-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस |
| 126 | 74687 खेम करण-अमृतसर डेमू |

| | |
|---|---|
| 127 | 14679 दिल्ली जंक्शन-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 128 | 12053 हरिद्वार-अमृतसर जन शताब्दी एक्सप्रेस |
| 129 | 14628 छेहराता-सहरसा जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 130 | 12013 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस |
| 131 | 20807 विशाखापत्तनम-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 132 | 12903 बांद्रा (टी)-अमृतसर एक्सप्रेस |
| 133 | 20808 अमृतसर-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस |
| 134 | 19415 साबरमती बीजी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस |

इसके अलावा, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान, जो एक सतत प्रक्रिया है, यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, जिसमें खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफ़ॉर्म की लंबाई जैसी मिलती-जुलती अवसंरचना की उपलब्धता शामिल है, पर निर्भर करती है।

******